प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 334 | मंगलवार 25 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रुपया


## लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटना, एचएएल ने जारी किया अपना आधिकारिक स्पष्टीकरण पत्र



नयी दिल्ली 24 नवम्बर (एजेंसी)दुबई एयर शो 2025 में भारतीय लड़ाकू विमान तेजस एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में क्रैश हो गया था। इस हादसे के बाद अब तेजस का निर्माण करने वाली भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एक आधिकारिक स्पष्टीकरण पत्र जारी किया है। एचएएल ने बाजार नियामक एनएसई और बीएसई को यह पत्र लिखा है, जिसमें स्पष्ट किया है कि यह घटना पूरी तरह से असाधारण परिस्थितियों में हुई एक एकाकी घटना है व इसका कंपनी के संचालन, वित्तीय स्थिति या भविष्य की आपूर्ति कार्यक्रमों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।गौरतलब है कि वायुसेना का अत्याधुनिक स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस दुबई में एक प्रदर्शन उड़ान के दौरान बीते शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में पायलट की मृत्यु हो गई। वायुसेना ने दुर्घटना की गहन जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ऑर्डर की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब तेजस निर्धारित एरोबेटिक अभ्यास के लिए उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट आकलन नहीं हो सका है।दुबई एयर शो के दौरान हुई घटना को लेकर निवेशकों और हितधारकों में अनावश्यक भ्रम या चिंता न रहे, इस उद्देश्य से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है। एचएएल ने अपने पत्र में भरोसा दिलाया कि एचएएल के समस्त प्रोजेक्ट, उत्पादन कार्यक्रम और डिलीवरी शेड्यूल पूर्ववत जारी हैं और दुर्घटना से कंपनी के किसी भी व्यवसायिक पहलू पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। दुबई एयर शो 2025 में तेजस विमान हादसे में शहीद हुए फाइटर पायलट नमांश स्याल थे। रविवार को उनका पार्थिव शरीर को स्वदेश लाया गया था। भारतीय वायुसेना के सी–130 विमान के माध्यम से लाए गए पार्थिव शरीर को दक्षिणी वायु कमान के एयरबेस पर पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ प्राप्त किया गया। शहीद नमांश स्याल मूलत हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के निवासी थे, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।कंपनी ने बताया कि वह विमान दुर्घटना की जांच कर रही संबंधित एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रही है। जांच के दौरान कंपनी सभी तकनीकी सूचनाएं उपलब्ध करा रही है, ताकि घटना के कारणों का सही–सही पता लगाया जा सके। एचएएल ने कहा है कि जैसे–जैसे कोई महत्वपूर्ण अद्यतन उपलब्ध होगा, कंपनी उसे तुरंत शेयर बाजार नियामकों और हितधारकों के साथ साझा करेगी। यह पत्र एचएएल के कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी शैलेश बंसल ने जारी किया है।गौरतलब है कि एलसीए तेजस के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) भारत के हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इंजन की सप्लाई कर रही है।

## ध्वजारोहण समारोहः पीएम पहली बार प्रथम तल पर राम दरबार की करेंगे आरती

### विवाह पंचमी पर दक्षिण भारत से तैयार होकर आए रामलला के अनोखे वस्त्र



नयी दिल्ली 24 नवम्बर (एजेंसी)अयोध्या विवाह पंचमी तिथि पर 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के दिन रामलला और प्रथम तल पर विराजमान राजा राम और माता सीता भी स्वर्ण जड़ित पीताम्बरी वस्त्र धारण करेंगे। जिसे तैयार कर मशहूर डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने तैयार कर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार रामदरबार की आरती उतरेंगे। मशहूर डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने बताया भगवान के वस्त्र पीतांबर है। जिसे सोने के धागो से पिरोए गए है। और यह पूरा कार्य दक्षिण भारत की शैली पर तैयार कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह वस्त्र एक वर्ष पूर्व से ही बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। रामलला और राम दरबार के भी वस्त्र पीतांबरी है। जिसमे माता सीता के वस्त्र को पीले और लाल रंग को मिश्रित करता हुआ वस्त्र हैं। उन्होंने बताया कि इसे दक्षिण भारत पहुंचकर वहां के डिजाइन पर तैयार किया गया है जिस पर रामायण के चिन्ह अंकित किए गए हैं। राम मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ एक विशेष प्रवेश पत्र दिया गया है, उसी से उन्हें आयोजन में शामिल होने के लिए प्रवेश मिलेगा। समारोह स्थल तक पहुंचने के लिए उनकी दोहरी जांच की जाएगी। इस दौरान उनके अंग रक्षक आदि को भी साथ नहीं जाने दिया जाएगा। अतिथियों को दिए गए प्रवेश पत्र पर उनकी सारी डिटेल अंकित है, इस पर उसकी फोटो, मोबाइल नंबर के साथ क्यूआर कोड भी लगा है। जिसे स्कैन करने पर आमंत्रित सदस्य की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि आमंत्रित अतिथि जिनके साथ निजी या सरकारी सुरक्षाकर्मी व उनके सहायक होंगे, उन्हें भी समारोह में जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। यहां उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी विशेष सुरक्षा अधिकारी के जिम्मे रहेगी।

## राजनाथ सिंह के सिंध प्रांत और देश के बार्डर वाले बयान पर कांग्रेस ने किया पलटवार

नयी दिल्ली 24 नवम्बर (एजेंसी)ग्वालियर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सिंध प्रांत और देश के बॉर्डर को लेकर दिए बयान चर्चा का विषय बने हुए हैं। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने सोमवार को रक्षा मंत्री के बयान पर पलटवार किया। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में सिंधी सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में सिंध की जमीन भले ही भारत का हिस्सा न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से वह हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

## कश्मीर में भयानक सर्दी का आगाज, श्रीनगर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात -3.2 डिग्री रही



जम्मू 24 नवम्बर (एजेंसी)मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि गर्मियों की राजधानी श्रीनगर में रविवार रात तापमान माइनस 3.2 डिग्री रहा, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात थी। इसके साथ ही कश्मीर में भयानक सर्दी का आगाज माना जा रहा है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। श्रीनगर में तापमान –3.2 डिग्री रहा, जो अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक है, जबकि पहलगाम में –4.0 डिग्री और गुलमर्ग में –1.9 डिग्री दर्ज किया गया। साउथ कश्मीर में भी ठंड और तेज हो गई, क्योंकि पुलवामा का तापमान –5.0 डिग्री और शोपियां का तापमान –5.1 डिग्री तक गिर गया, जिससे ये इलाके के सबसे ठंडे इलाकों में से एक बन गए। जानकारी के मुताबिक, जोजिला जैसे ऊंचे इलाकों में तापमान –16.0 डिग्री पर जमता रहा। पूरे नार्थ और सेंट्रल कश्मीर में भी तापमान जमाव बिंदु से काफी नीचे रहा। कुपवाड़ा में –3.2 डिग्री, बडगाम में–3.4 डिग्री, और बारामुल्ला में तापमान तेजी से गिरकर –4.6 डिग्री हो गया। अवंतीपोरा और सोनमर्ग दोनों में –3.2 डिग्री, जबकि पंपोर में –4.5 डिग्री तक तापमान गिरा। श्रीनगर के एयरपोर्ट इलाके में भी बहुत ज्यादा ठंड रही और पारा –3.6 डिग्री पर रहा, ऐसा बताया गया है। जम्मू इलाके में मैदानी इलाकों और ऊपरी इलाकों के बीच तापमान में काफी फर्क दिखा। जम्मू शहर में 10.0 डिग्री, कटरा में 9.2 डिग्री और कठुआ में भी 9.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। हालांकि, ऊंचे इलाके ज्यादा ठंडे रहे, बनिहाल में तापमान गिरकर –1.2 डिग्री, भद्रवाह में 0.5 डिग्री और राजौरी में 3.3 डिग्री रहा। लद्दाख में भी बहुत ज्यादा ठंड की स्थिति बनी रही। लेह में –8.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि करगिल थोड़ा नीचे –8.6 डिग्री पर आ गया। द्रास, जिसे अक्सर भारत की सबसे ठंडी आबादी वाली जगह के तौर पर जाना जाता है, वहां –10.3 डिग्री रिकार्ड किया गया, ।

## दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री मोदी, सफल रहा तीन दिवसीय जी20 सम्मेलन




नयी दिल्ली 24 नवम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की तीन दिवसीय यात्रा के बाद सोमवार को भारत लौट आए। मोदी वहां जी20 और आईबीएसए बैठकों में शामिल हुए थे। जी20 शिखर सम्मेलन में मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआइ) के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक वैश्विक समझौते का आह्वान किया और कहा कि महत्वपूर्ण तकनीकों को वित्त–केंद्रित होने के बजाय मानव केंद्रित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) के त्रिपक्षीय मंच को यह स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि वैश्विक संस्था में बदलाव अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोदी ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जोहानिसबर्ग में सफल जी–20 सम्मेलन एक समृद्ध और टिकाऊ ग्रह (धरती) के निर्माण में योगदान देगा। विश्व नेताओं के साथ मेरी बैठकें और बातचीत बहुत सार्थक रहीं और इनसे विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।"उन्होंने कहा, "मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए दक्षिण अफ्रीका के अद्भुत लोगों, राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और दक्षिण अफ्रीका की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।" जोहानिसबर्ग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–म्यूंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से मुलाकात की

## भगवानपुर कुर्मियाना में एसआईआर जागरूकता चौपाल सफल

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे गणना फॉर्म एवं एसआईआर कार्यक्रम को लेकर मिहींपुरवा ब्लॉक में जागरूकता अभियान लगातार जारी है। समाजवादी शिक्षक सभा के जिला उपाध्यक्ष एवं मिहींपुरवा ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद जमील कुरैशी ने सोमवार को ग्राम पंचायत भगवानपुर कुर्मियाना में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने फॉर्म भरने की प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेजों तथा जमा करने के नियमों को विस्तार से समझाया। खासतौर पर शादीशुदा एवं नई मतदाता महिलाओं को सही तरीके से पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने एसआईआर फॉर्म की प्रक्रिया, दस्तावेजों और 2003 की सूची में नाम न होने की स्थिति से जुड़े सवाल पूछे, जिनका कुरैशी ने सरल भाषा में समाधान दिया। चौपाल में ग्राम पंचायत के भगवानपुर कुर्मियाना के सम्मानित महिला पुरुष, स्कूल स्टाफ सलमा अनुदेशक, लैलतुन बेगम अनुदेशक, बीएलओ प्रेम सिंह, शिक्षक पंकज केसरवानी तथा रसोइया मुन्नी, आशा, किसना पूनम सहित आशा बहुए शामिल रहीं। ग्रामीणों ने कहा कि इस अभियान से उन्हें कार्यक्रम की सही जानकारी मिली और फॉर्म भरने में आसानी होगी। अंत में मोहम्मद जमील कुरैशी ने कहा कि यह भारत सरकार और निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, सभी नागरिक इसे समय पर भरें।




# सम्पादकीय

## एसआईआर को लेकर अखिलेश की आशंका

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी में एसआईआर की समयसीमा बढ़ाए जाने की मांग की। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अखिलेश ने कहा कि वह इसके विरोध में नहीं है लेकिन ऐसे समय में एसआईआर न हो जब लोग शादियों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी दलों ने समय–समय पर चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट जाने का काम किया है। कई बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद राहत दी है। अखिलेश ने उम्मीद जताई कि जिस तरह से तमिलनाडु, बंगाल और उत्तर प्रदेश में या और जगहों पर विपक्षी दलों या कांग्रेस पार्टी की मिलकर एक ही कोशिश है कि वोटर लिस्ट अच्छी बने और भाजपा जो खेल करना चाहती है, जो खेल बिहार में देखने को मिला है वो यहां न हो। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा के खेल की वजह से ही पॉपलर पार्टी होने के बाद भी आरजेडी बिहार में हार गई। सबसे पॉपुलर चेहरा होने के बाद भी तेजस्वी उन जगहों पर हार गए,जहां पर एसआईआर में सबसे ज्यादा वोट कटे थे। उन्होंने कहा कि उनका एसआईआर को लेकर कोई विरोध नहीं है। वह सिर्फ यही चाहते हैं कि इस प्रक्रिया के समय को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में चुनाव आयोग वोटर आईडी या आधार सरकार ऐसा बनाए जो डुप्लीकेट न हो सके। ऐसा कार्ड बने जो फर्जी न बनाया जा सके।



नफीस जाफरी

इसके अलावा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान देते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग मिलकर वोटर लिस्ट से नाम काटने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जिन क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी का मजबूत वोट बैंक है, वहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 50,000 तक वोट हटाए जा सकते हैं। समाजवादी पार्टी के मौजूदा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि बीएलओ मुस्लिम, दलित, पिछड़े और अतिपिछड़े इलाकों में नहीं जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में पहले ही 65 लाख वोट काटे गए थे और यूपी में भी 3 से 4 करोड़ वोट हटाए जा सकते हैं। फर्रुखाबाद के तीन दर्जन गांवों की सूची नहीं है और लखनऊ पूर्वी में 1100 मतदाता गायब हैं। अखिलेश ने कहा कि चुनाव आयोग ने बिना तैयारी के एसआईआर प्रक्रिया शुरू कर दी है और बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि काम के प्रेशर के कारण गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में बीएलओ ने आत्महत्या तक कर ली।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा न बंगाल जीतेगी, न यूपी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपना घोषणा पत्र खुद नहीं पढ़ती है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा से सीखकर 2147 का घोषणा पत्र जारी करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हर धर्म के खिलाफ है। जब हम इटावा में केदारेश्वर मंदिर बना रहे थे, तब हमारे खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस कराई गई थी। अखिलेश ने दावा किया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और एआई जोड़कर अच्छी टेक्नोलॉजी का डिवाइस देंगे।

# उत्तर प्रदेश को लेकर ओवैसी की हुंकार, अखिलेश और मायावती के लिए ख़तरे की घंटी



गुलफिशा खान

बिहार विधानसभा चुनाव में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने सीमांचल क्षेत्र में पांच सीटों पर जीत दर्ज कर सबको हैरानी में डाल दिया। लेकिन बिहार में मिली इस सफलता के बाद ओवैसी ने मीडिया से खास बातचीत में अपनी अगली रणनीति पर भी खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि फिलहाल बंगाल चुनाव को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं होगी, जबकि उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी।

यह सर्व विदित है कि बिहार चुनाव में एआईएमआईएम ने बिहार के सीमांचल क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन कई सीटों पर हार ने पार्टी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। ओवैसी का बंगाल को लेकर सतर्क रुख इस बात का संकेत है कि एआईएमआईएम फिलहाल अपनी ताकत को मजबूत करने और हार–जीत का विश्लेषण करने में जुटी है। वहीं यूपी में एआईएमआईएम का फोकस दलित–मुस्लिम गठजोड़ पर होगा, जो आने वाले चुनावों में बड़ा फैक्टर साबित हो सकता है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव जो कि अगले साल प्रस्तावित हैं उसको लेकर ओवैसी ने कहा कि अभी हमें समय चाहिए. हम उन सीटों पर ध्यान देंगे जहां जीत मिली है और उन उम्मीदवारों के साथ बैठेंगे जो हार गए हैं जिस पर मंथन की जरूरत है। खासकर आदिल हसन जैसे उम्मीदवारों की हार पर हमें दुख है। बंगाल में हमारी यूनिट है,



लेकिन रणनीति पर फैसला करने के लिए हमें बैठकर चर्चा करनी होगी और फिलहाल कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी।

जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में ओवैसी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम पूरी तरह तैयार है। यूपी में खेल शुरू हो चुका है। हम वहां ज्यादा सीटें जीतने की कोशिश करेंगे। चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ हमारा गठबंधन जारी रहे, यह हमारी उम्मीद है। उनका यह बयान साफ करता है कि एआईएमआईएम यूपी में दलित–मुस्लिम समीकरण को मजबूत करने की कोशिश करेगी, जो बिहार में सीमांचल की रणनीति से अलग लेकिन उतना ही अहम है। इस दौरान ओवैसी ने स्वीकार किया कि बिहार के सीमांचल और बंगाल बॉर्डर एरिया में एआईएमआईएम की लोकप्रियता बढ़ी है। उन्होंने कहा, "हमने शेरशाहबादी और अन्य समुदायों को जोड़ा है। ये लोग 'घुसपैठिया' कहे जाने का दर्द झेल रहे हैं। हम उनके लिए काम कर रहे हैं और भविष्य में उन्हें प्रतिनिधित्व दिलाने का वादा किया है."

तो वहीं दूसरी ओर अररिया के जोकीहाट में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम नेता ओवैसी ने सीमांचल की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि इंशाल्लाह आप लोगों ने हमें जो प्यार दिया है, उसके लिए हम सीमांचल को न कभी छोड़ेंगे और न कभी भूलेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनके पांचों विधायक बिहार विधानसभा में सीमांचल की आवाज को बुलंद करेंगे और सदन में सीमांचल जिंदाबाद का नारा गूंजेगा। मालूम हो कि ओवैसी ने तो यहां तक कह दिया कि अगर बिहार की नीतीश सरकार सीमांचल के लोगों के विकास के लिए काम करेगी तो वे उनकी सरकार का समर्थन और सहयोग करने को तैयार हैं। ओवैसी ने कहा कि बिहार के बाद अब हम यूपी चुनाव भी लड़ेंगे और वहां भी जाएंगे। उनका कहना था कि जनता ने साबित कर दिया है कि अगर हम एकजुट होकर खड़े हो जाएं तो हमें किसी दूसरे की जरूरत नहीं पड़ेगी।

जबकि जनसभा के दौरान एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष और अमोर से विधायक अख्तरुल ईमान ने स्थानीय राजनीति और आरजेडी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जोकीहाट का इलाका पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन का है, मैं उन्हें नमन करता हूं। तस्लीमुद्दीन लालू यादव की आंखों में आंख डालकर बात किया करते थे, लेकिन उनके बेटे पर लालू यादव के जूतों की तरफ देखकर बात करते हैं जो बहुत शर्मनाक है।

# शिवेसना (यूबीटी) के लिए कांग्रेस नहीं मनसे ज़रूरी



शबाब हुसैन

पहले शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे के हाथ से सत्ता का निकल जाना। फिर शिवसेना का विभाजन होना, यहां तक कि चुनाव निशान और पार्टी का नाम तक चला गया। बात सिर्फ यहां तक ही नहीं रूकी बल्कि अगले साल हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे गुट की बहुत ही शर्मनाक हार ने उद्धव ठाकरे के राजनीतिक आधार से लेकर उनके वजूद तक को हिला दिया। वैसे महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की की तो बहुत ही बुरी गत हुई थी। बहरहाल, इस हार के बाद वक्त की नजाकत को समझते हुए उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने आपसी मतभेदों को भुलाते हुए, फिर से एक दूसरे के साथ आने का जहां विचार किया है, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा है। ऐसे में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कांग्रेस को आईना दिखाने का काम किया है।

विदित हो बिहार विधानसभा चुनाव



में महागठबंधन की करारी हार का असर अब इंडिया गठबंधन के दूसरे साथियों या यूं कहें कि सहयोगी दलों पर पड़ता दिख रहा है। इसका ही असर है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां अब कांग्रेस को लेकर मुखर होती दिख रही हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि अगर राज ठाकरे की एमएनएस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना साथ आना चाहते हैं तो हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आखिर इसके बारे में कांग्रेस क्या सोचती है। मालमू हो कि संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस जो भी फैसला करती है वह उसका निजी फैसला होता है। लेकिन एमएनएस या शिवसेना (यूबीटी) किसी की इजाजत का इंतजार नहीं करेगी। संजय राउत ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा कि शिवसेना और एमएनएस पहले ही एक साथ आ चुके हैं। यह लोगों की इच्छा है. इसके लिए किसी के आदेश या अनुमति की कोई जरूरत नहीं है। यहां तक की शरद पवार और लेट पार्टियां भी इस पर एक साथ हैं।

आपको बता दें कि बात अगर एमएनएस को लेकर कांग्रेस के रुख की करें तो कांग्रेस हमेशा से ही एमएनएस के खिलाफ रही है। वह विचारधारा के मामले में उसे अलग मानती है। लेकिन उद्धव ठाकरे की पार्टी मुंबई में होने जा रहे नगर निगम चुनाव में एमएनएस के साथ मिलकर लड़ने को तैयार है। हांलाकि खबर तो ये भी है कि कांग्रेस को भी साथ लाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस पहले ही ऐलान कर चुकी है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। इस घोषणा से महाराष्ट्र में विपक्ष की चुनावी एकता की संभावना पर सवालिया निशान लग गया। एमएनएस के साथ शिवसेना (यूबीटी) की निकटता कांग्रेस को रास नहीं आई, जो एमएनएस से सुरक्षित दूरी बनाए हुए थी।हालांकि कांग्रेस ने ठाकरे भाइयों के पुनर्मिलन का स्वागत किया है, लेकिन उसने मनसे के साथ राजनीतिक गठबंधन से परहेज किया है।

# दुबई एयरशो में तेजस हादसा और मेक-इन-इंडिया की साख: क्रैश के बाद भी चमकेगा भारत का स्वदेशी सितारा?



योगेश कुमार गोयल

स्वदेशी इंजीनियरिंग का सबसे चमकदार प्रतीक यह वही तेजस है, जिसने पहली बार 2001 में उड़ान भरी थी और 23 वर्षों तक किसी भी दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ। दुनिया के कई हल्के लड़ाकू विमानों में तेजस को सबसे सुरक्षित माना जाता था और आज भी उसकी श्रेणी में यह एक अत्यंत विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है।

21 नवंबर को दुबई वर्ल्ड सेंट्रल (अल–मक्तूम) एयरपोर्ट पर आयोजित एयर शो के दौरान भारतीय वायुसेना का स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) 'तेजस एमके–1ए' अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर गया और आग के गोले में बदल गया। भारतीय वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि इस दुर्घटना में पायलट की शहादत हुई है और घटना की खोज के लिए कोर्ट–ऑफ–इंक्वायरी गठित की गई है। दुबई एयरशो के दौरान हजारों लोग अपनी आंखें ऊपर टिकाए उस गर्वित क्षण को देख रहे थे, जब भारत का तेजस एमके–1ए देश की आकाश में अपने कौशल की झलक दिखा रहा था परंतु कुछ ही पलों में यह दृश्य एक भयावह त्रासदी में बदल गया। विमान ने अचानक अपनी स्थिरता खो दी, जैसे किसी ने उसकी धड़कन रोक दी हो और देखते–ही–देखते वह सीधे नीचे गिरता हुआ आग के विशाल गोले में परिवर्तित हो गया। धुएं का काला गुबार ऊपर उठा और पूरा एयरशो मानो स्तब्ध होकर ठहर गया।

स्वदेशी इंजीनियरिंग का सबसे चमकदार प्रतीक यह वही तेजस है, जिसने पहली बार 2001 में उड़ान भरी थी और 23 वर्षों तक किसी भी दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ। दुनिया के कई हल्के लड़ाकू विमानों में तेजस को सबसे सुरक्षित माना जाता था और आज भी उसकी श्रेणी में यह एक अत्यंत विश्वसनीय प्लेटफॉर्म है। तेजस क्रैश का यह दूसरा मामला है। पहला मार्च 2024 में राजस्थान के जैसलमेर के पास हुआ था, जिसमें पायलट सुरक्षित इजेक्ट हो गए थे। बाद की जांच में पाया गया था कि उस दुर्घटना का कारण इंजन का अचानक सीज होना था। इसके पीछे ऑयल पंप में खराबी की संभावना बताई गई थी। उस घटना के बाद पूरे एलसीए एमके–1 बेड़े की विस्तृत सुरक्षा जांच की गई और पाया गया कि विमान में कोई प्रणालीगत सुरक्षा खामी नहीं है। ऐसी स्थिति में दुबई हादसा एक बार फिर प्रश्न उठाता है कि आखिर इस विश्वसनीय प्लेटफॉर्म ने प्रदर्शन के दौरान अचानक ऐसा व्यवहार क्यों किया, जिसने पायलट को प्रतिक्रिया का भी अवसर नहीं दिया?दुबई एयरशो में विमान द्वारा किए जा रहे मैन्यूवर्स के दौरान जो दृश्य सामने आए, उन्होंने विशेषज्ञों के बीच कई सवाल पैदा किए हैं। विमान तेज गति से एक मोड़ ले रहा था और सामान्यतः ऐसी परिस्थितियों में तेजस जैसे आधुनिक चौथी पीढ़ी के विमान स्थिर रहते हैं परंतु पलभर में ही उसका नियंत्रित ग्लाइड अचानक एक फ्री–फॉल में तब्दील हो गया। विमान के नीचे आते ही कुछ ही सैकेंड में वह पूरी तरह आग में घिर गया। ऐसे में सवाल यही है कि क्या तेजस में कोई ऐसी खामी थी, जो वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ। क्या उसकी उड़ान से पहले फिट होने की सही तरह से जांच नहीं की गई थी? न केवल देश बल्कि दुनिया के सामने यह सामने आना जरूरी है कि आखिर तेजस एकाएक हवा से सीधा जमीन पर क्यों आ गिरा क्योंकि इसे पूरी तरह सुरक्षित माना जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, या तो विमान को अचानक पावर लॉस हुआ या किसी महत्वपूर्ण नियंत्रण प्रणाली ने काम करना बंद कर दिया। यह भी संभव है कि अत्यधिक तेज कोण (एंगल ऑफ अटैक) में मोड़ लेते हुए विमान एरोडायनामिक स्टॉल का शिकार हो गया हो परंतु अनुभवी टेस्ट पायलट ऐसे मैन्यूवर के दौरान सामान्यतः नियंत्रण नहीं खोते। इसलिए जांच की दिशा स्वाभाविक रूप से किसी तकनीकी विफलता, इंजन व्यवहार, नियंत्रण प्रणाली या अचानक हुई किसी यांत्रिक टूट–फूट की तरफ जाएंगी।तेजस एमके–1ए को भारत का सबसे आधुनिक, हल्का और अत्याधुनिक तकनीक वाला लड़ाकू विमान माना जाता है। यह सुपरसोनिक गति से उड़ान भर सकता है, बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइलें दाग सकता है और एक साथ कई लक्ष्यों को भेद सकता है। इसका ढ़ांचा टाइटेनियम, एल्युमिनियम–लिथियम मिश्रधातुओं और कार्बन फाइबर कंपोजिट से बना है, जिससे यह बेहद हल्का और मजबूत बनता है। यह हल्का वजन ही इसे असाधारण फुर्ती प्रदान करता है। तेजस की रेंज, पेलोड और युद्धक क्षमता इसे एशिया और अफ्रीका के कई देशों में आकर्षण का केंद्र बनाती हैं। मलेशिया, तुर्कमेनिस्तान, इजिप्ट, यूएई, श्रीलंका और सिंगापुर जैसे देश इसमें रुचि दिखा रहे हैं। इसीलिए दुबई एयरशो में तेजस की उपस्थिति भारत के लिए केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं थी बल्कि यह एक अंतर्राष्ट्रीय मंच था, जहां भारत अपनी रक्षा विनिर्माण क्षमता का भरोसेमंद चेहरा पेश कर रहा था। ऐसे में तेजस का प्रदर्शनी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होना स्वाभाविक रूप से भारत की निर्यात संभावनाओं के लिए चिंता का विषय है। हालांकि रक्षा विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि एक अकेली दुर्घटना किसी विमान की छवि को स्थायी रूप से धूमिल नहीं करती, बशर्ते जांच पारदर्शी, तेज और गहन हो। एफ–16, मिग–29, राफेल, ग्रिपेन इत्यादि दुनिया के लगभग सभी प्रसिद्ध युद्धक विमानों की शुरुआती वर्षों में दुर्घटनाएं हुई थी लेकिन समय के साथ वे दुनिया के सबसे विश्वसनीय प्लेटफॉर्म बने। अतः तेजस के लिए भी यह निर्णायक परीक्षा का समय है।तेजस भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी लड़ाकू विमान है, हालांकि इसका इंजन अमेरिकी कंपनी जीई से आता है। भारत और जीई के बीच 2021 और 2023 में हुए समझौतों के तहत एमके–1ए और एमके–2 कार्यक्रम के लिए इंजन की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इंजनों पर आंशिक निर्भरता के बावजूद तेजस की बाकी प्रणाली(डिजाइन, ढ़ांचा, एवीओनिक्स, राडार) भारत द्वारा विकसित की गई हैं। तेजस को भारतीय वायुसेना में 2016 में शामिल किया गया था और तब से इसकी दो स्क्वाड्रन सेवा में हैं। एमके–1ए संस्करण, जो कि दुर्घटनाग्रस्त विमान का मॉडल था, तेजस परिवार का सबसे उन्नत संस्करण माना जाता है। इसके लिए 2021 में भारत सरकार ने एचएएल को 48,000 करोड़ रुपये का बड़ा अनुबंध दिया था और हाल ही में इसकी 97 और इकाईयों के लिए लगभग 62,000 करोड़ रुपये का नया समझौता हुआ था। इसका मतलब है कि भारत आगामी वर्षों में तेजस को अपनी वायुसेना का मुख्य लाइट–फाइटर प्लेटफॉर्म बनाने की दिशा में बढ़ चुका है।

ऐसे समय में दुबई जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में हुआ यह क्रैश सार्वजनिक विमर्श में कई प्रश्न छोड़ गया है। क्या यह तकनीकी खामी थी? क्या प्रदर्शन की परिस्थितियां अनुकूल नहीं थी? क्या किसी बाहरी तत्व ने विमान के व्यवहार को प्रभावित किया? क्या पूर्व क्रैश से सीखी गई तकनीकी सीखों को एमके–1ए में पर्याप्त रूप से शामिल किया गया था? इस घटना का एक और भावनात्मक पक्ष है, पायलट की शहादत। एक टेस्ट पायलट उच्च–जोखिम वाले वातावरण में उड़ान भरता है। वे केवल उड़ान नहीं भरते बल्कि हर उड़ान में विमान, उसकी प्रणालियों और उसकी हर क्षमता का परीक्षण करते हैं। इसीलिए उन्हें एयरोनॉटिक्स का अग्रदूत माना जाता है। इस हादसे के बीच यह तथ्य नहीं भुलाया जा सकता कि तेजस अब भी भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता, सामरिक क्षमता और रक्षा–विकास की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इस दुर्घटना से तेजस का भविष्य खत्म नहीं होता बल्कि यह उसके विकास की गति को और तर्कसंगत, वैज्ञानिक और मजबूत बनाने का अवसर बन सकता है। कई देशों में एक दुर्घटना के बाद विमान को और अधिक बेहतर बनाया गया है।बहरहाल, जांच के निष्कर्षों के आधार पर यदि एचएएल और वायुसेना तेजी से सुधार लागू करते हैं तो यह तेजस की विश्वसनीयता को और बढ़ा सकता है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि दुर्घटनाओं का प्रभाव निर्यात बाजार में केवल तब गहरा होता है, जब दुर्घटनाएं बार–बार हों या जांच में प्रणालीगत खामी सामने आए। तेजस अभी भी अपनी श्रेणी में दुनिया के सबसे सुरक्षित और अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। यह हल्का है, कम कीमत में मिलता है, इसकी संचालन लागत कम है और छोटे–बीच के देशों के लिए आदर्श विकल्प है। इसलिए दीर्घकाल में इसके निर्यात पर इस घटना का अति–नकारात्मक प्रभाव होने की संभावना बेहद कम है, बशर्ते भारत इस दुर्घटना पर त्वरित, पारदर्शी और विश्वसनीय प्रतिक्रिया दे। तेजस देश की इच्छाशक्ति का प्रतीक, वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रमाण और भविष्य की वायु–क्षमता का आधार भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायपूर्ण जांच के बाद तेजस वैश्विक मंच पर और मजबूत होकर उभरेगा।

# विकसित भारत का गुमशुदा आधा हिस्सा

वर्ष 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना अनिवार्य है। फिलहाल श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 41.7 प्रतिशत है और विकसित भारत का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक ले जाना है। लगभग 30–अंकों के इस अंतराल को पाटने का मूल मकसद राष्ट्रीय उत्पादकता को बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि भारत की विकास गाथा को सिर्फ आधे लोग ही नहीं, बल्कि सभी लोग आकार दें। शिक्षा, डिजिटल सुलभता और उद्यमिता के मामले में हुई प्रगति के बावजूद, अभी भी बहुत सी संभावनाओं का दोहन बाकी है। भारत को एक ऐसा श्रम इकोसिस्टम तैयार करना होगा जो महिलाओं को प्रवेश करने, टिके रहने तथा आगे बढ़ने में समर्थ बनाए और भारत के एकीकृत श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन इन प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने और समावेशन को उत्पादकता में बदलने का एक दुर्लभ मौका देता है।जरा गौर करें – ई–श्रम पर पंजीकृत सीता नाम की उत्तर प्रदेश की एक श्रमिक बच्चों की देखभाल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के चलते अपने दो बच्चों का पालन–पोषण करते हुए, घर बैठकर एक ठेकेदार के लिए कपड़े सिलती है। इससे उसे एक अनियमित आय होती है। उनके जैसी महिलाओं के लिए, नई श्रम संहिताएं एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकती हैं। पास की एक कपड़ा फैक्ट्री अब औपचारिक अनुबंधों के साथ अलग–अलग पालियों में काम करने के लिए महिलाओं की भर्ती कर रही है। पहली बार, भारत के श्रम कानूनों का ढांचा सीता जैसी लाखों महिलाओं के लिए बाधक होने के बजाय उनका संबल बनने के लिए तैयार है।वर्ष 2019 और 2020 के बीच अधिनियमित श्रम संहिताएं 29 बिखरे कानूनों को चार सुव्यवस्थित ढांचों – मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, पेशेगत सुरक्षा और औद्योगिक संबंध संहिताओं – में समेकित करती हैं। यह विधायी मंशा साहसिक है और अब अनेक राज्य तेजी से इन्हें लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत के पास इस मंशा को प्रभाव में बदलने का एक महत्वपूर्ण मौका है और यह प्रभाव कुछ इस किस्म का है।

सामाजिक सुरक्षारू पहले कदम के रूप में दृश्यता

सामाजिक सुरक्षा संहिता मातृत्व, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और बच्चों की देखभाल से जुड़े पहलुओं को शामिल करते हुए गिग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना करती है। ई–श्रम पोर्टल पर 30.6 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 53 प्रतिशत यानी 16 करोड़ महिलाएं हैं। इस पोर्टल और आधार आधारित यूएएन के बीच का जुड़ाव (लिंकेज) इन हकों को किसी भी स्थान पर और किसी भी क्षेत्र (सेक्टर) में दिलाया जाना संभव बनाता है।

# वोट बैंक के कारण होते हैं धार्मिक आयोजनों में हादसे

योगेंद्र योगी

14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में श्पुष्करमश त्योहार के उद्घाटन के दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर हर–की–पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोग मारे गए थे।

आंध्र प्रदेश में काशीबुग्गा शहर के वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। मंदिर एक निजी तीर्थस्थल था, जो धर्मस्व विभाग के तहत पंजीकृत नहीं था। कार्यक्रम आयोजकों ने इतनी बड़ी भीड़ के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी। राज्य सरकार को इस कार्यक्रम के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। देश में होने वाले धार्मिक आयोजनों में लापरवाही और कानून के उल्लंघन की सत्तारुढ़ दल और नेता अनदेखी करते रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह कि कहीं उनका वोट बैंक हाथ से नहीं खिसक नहीं जाए। इसलिए वे कानून उल्लंघन से होने वाले संभावित हादसों की अनदेखी करते हैं। अन्यथा यह संभव नहीं है कि धार्मिक स्थलों पर किसी एक हादसे के बाद ऐसे हादसों की देश में पुनरावृत्ति होती रहे। वेंकटेश्वर मंदिर में हुआ हादसा इसका नया प्रमाण है।

ये पहली बार नहीं है, जब किसी मंदिर में ऐसा हुआ हो, इससे पहले भी हजारों लोगों की ऐसी घटनाओं में दर्दनाक मौत हो चुकी है। साल 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंढारदेवी मंदिर में 350 से अधिक भक्तों की कुचलकर मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में साल 2008 में नैना देवी मंदिर मची भगदड़ में 162 की जान गई थी। 30 सितम्बर 2008 को राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में बम की अफवाह से मची में 250 श्रद्धालु मारे गए। 27 अगस्त 2003 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोग मारे गए। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोग मारे गए । भगदड़ की शुरुआत इस अफवाह से हुई कि जिस नदी के पुल को श्रद्धालु पार कर रहे थे, वह टूटने वाला है।

इसे भी पढ़ेंरू आंध्र प्रदेश में मंदिर भगदड़रू वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर हादसे में 9 की मौत, भीड़ प्रबंधन में लापरवाही

31 मार्च, 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में हवन कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन श्बावड़ीश या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। 14 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले के सबरीमाला में पुलमेदु में एक जीप से लौट रहे तीर्थ यात्रियों से टकरा गई, जिससे भगदड़ मच गई जिसमें कम से कम 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरा समारोह में पटना के गांधी मैदान में भगदड़ से 32 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी के तट पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल टूटने से लगभग 20 लोग मारे गए। 1 जनवरी, 2022 को जम्मू–कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ से 12 लोगों की मौत हो गई। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में श्पुष्करमश त्योहार के उद्घाटन के दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर हर–की–पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोग मारे गए थे। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई थी। लोग स्वयंभू बाबा से मुफ्त कपड़े और भोजन लेने के लिए एकत्र हुए थे। हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई 2025 को करंट फैलने की अफवाह के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई। 3 मई, 2025 को गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मचने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान भगदड़ मचने से 30 लोगों की मौत हो गई। हालांकि बाकी रिपोर्ट्स में आंकड़े काफी ज्यादा बताए गए। इन हादसों में घायलों की संख्या भी हजारों में रही।

इन सभी हादसों में एक बात समान है कि भीड़ जमा हुई थी और लोगों ने अपनी जान गंवाई। लेकिन ऐसी घटनाएं बार–बार लौट कर पुराने हादसों के जख्म हरे कर देती हैं। बड़ा आयोजन, बड़ी भीड़ और बड़े हादसे। लेकिन सवाल यह है कि आखिर धार्मिक आयोजन में क्यों मचती है भगदड़ और कैसे मरते हैं लोग? अक्सर जब हादसे होते है, जांच रिपोर्ट सामने आती हैं तो प्रशासनिक गलती सामने आती है। आस्था, नाकाफी इंतजाम, कम जगह में ज्यादा श्रद्धालु और मौसम को दोषी ठहराया जाता है। कई हादसों की जांच रिपोर्ट में कहा गया कि जब भगदड़ मची तो लोग एक दूसरे पर गिरने लगे, लोग एक दूसरे को कुचलते हुए आगे बढ़ते गए।

# 11.7 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। सीमा चौकी बलाईगांव से सहायक उप निरीक्षक सामान्य होरें दिहिन्गीय के साथ छह अन्य कार्मिक और श्वान प्रॉकष् ने प्राप्त आसूचना के आधार पर थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अमरेश कुमार गिरी तथा तीन अन्य कार्मिक के साथ भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 665/01 की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने आता देख वह व्यक्ति घबराय गया और भागने लगाए परंतु गश्ती दल ने तुरंत घेरावंदी करके उसे पकड़ लिया और उससे भागने का कारण एवं नाम पता पूछा। इस पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ललित बहादुर बस्नेत पुत्र करण बहादुर बस्नेतए उम्र 25 वर्ष बन्सगढ़ी पुलिस स्टेशन. बन्सगढ़ी जिला. बर्दिया नेपाल का निवासी बताया। गश्ती दल द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है और इसी कारण वह भाग रहा था। गश्ती दल कमांडर द्वारा इसकी सूचना तुरंत कोमिरे प्रदीप गोंड सहायक कमांडेंट को दी गई। सूचना मिलते ही उक्त अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में पकड़े गए व्यक्ति की जमा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति द्वारा पहने पैंट के दाहिनी जेब से प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई। पोटली खोलने पर उसमें स्मैक पाया गया। जिसकी पुष्टि श्वान प्रॉकश् द्वारा भी की गई। उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर को सुपुर्द कर दिया गया।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में ज्ञान उत्सव सम्पन्न

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। पान कुंवर इंटरनेशनल प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ, तक के विद्यार्थियों ने अद्भुत उत्साह के उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, भावना और सांस्कृतिक अभिरुचि को बढ़ावा ने विभिन्न प्रकार के चार्ट्स, पोस्टर्स, डिमॉन्स्ट्रेशन, कंप्यूटर प्रोजेक्ट्स, कला. गतिविधियों का प्रदर्शन किया। साथ ही फूड स्टॉल्स ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण उपस्थिति ने बच्चों का मनोबल दोगुना एवं विशिष्ट अतिथियों में अजय कुमार पंचायत राज महाविद्यालय, जे.पी. यादव



स्कूल में ज्ञान उत्सव का भव्य एवं जिसमें नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं साथ सहभागिता की। इस उत्सव का रचनात्मकता, तकनीकी समझ, खेल देना था। उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों स्टैटिक एवं वर्किंग मॉडल्स, साइंस तियाँ, स्पोर्ट्स मॉडल्स और इनोवेटिव स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के जोड़ा। बड़ी संख्या में अभिभावकों की कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य गौतम सीडीओ, श्याम पाल प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, प्रदीप यादव प्रवक्ता, हिंदू विद्यालय जसवंत नगर, रोहन सिंह प्रबंधक केवलानंद स्कूल भरथना, डॉ. राजीव चौहान पर्यावरणविद, डॉ. शिवराज सिंह जायंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, डॉ. शिवेंद्र, मेधा व्रत समाजसेवी, प्रधानाचार्य भास्कर शर्मा इत्यादि गणमान्य लोग शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद तोमर ने कहा कि ऐसे उत्सव बच्चों के ज्ञान और प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी क्षमताएँ प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं। विद्यालय के चेयरमैन कैलाश चंद्र यादव ने भी बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल सदैव उनके उज्जवल भविष्य हेतु ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालने में मनीष यादव, बिगने एवं गौरव वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# बीएलओ जनता को समय से फार्म उपलब्ध कराकर जमा कराएं : शरद



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका परिषद में भाजपा नेता प्रतिपक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शरद बाजपेयी ने अपने आवास पर एक बार फिर दोबारा से कैम्प लगवाया और जनता के फार्म स्वयं भरे, शरद बाजपेयी ने एसआईआर फार्म भरवाने की संभाल स्वयं संभाल रखी है जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूर्ण सहयोग कर रही हैं। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री जनता को समय से फार्म उपलब्ध कराकर जमा कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें क्योंकि कई जगहों से मेरे पास फार्म न पहुंचने की शिकायत आ रही है। बीएलओ इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई भी व्यक्ति छूटने न पाए और समय से फार्म जनता को उपलब्ध हो जाए, शरद बाजपेयी ने कहा कि जनता को फार्म भरने संबंधी कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसलिए आज मैंने स्वयं जनता के फार्म भरकर जमा कराये हैं। शरद बाजपेयी ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से प्रामाणिक और सही वोटर लिस्ट सुव्यवस्थित होकर मिलेगी जिससे जनता को बहुत आसानी होगी। शरद बाजपेयी ने कहा कि मेरे क्षेत्र के सभी बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रत्येक मुहल्ले में जाकर जनता को एस आई आर फार्म उपलब्ध करा रहे हैं। मैंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जनता को समय से फार्म उपलब्ध कराकर जमा कराने को कहा। मेरा जनता से भी निवेदन है कि आप सभी फार्म भरने में सजगता और गम्भीरता रखते हुए समय से फार्म भरकर जमा करायें। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री डिम्पी शंखवार, शिव हरि दीक्षित, दीपक अग्रवाल, रज्जू, प्रदीप बाजपेयी, अजीत वर्मा, गोविन्द गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# तालाब में डुबने से महिला मौत, बच्चों के सिर से उठा मां का साया

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। जिले के स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गॉव के तालाब में डुबने से एक महिला की मौत हो गयी। मौत की खबर लगते ही परिजनों मे चीत्कार मच गई। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर गॉव निवासी शंकर कुशवाहा की उम्र लगभग 35 वर्षीय बेटी रूकमीणा की शादी इलाके के सावठ गांव निवासी ब्रजेश कुशवाहा से हुई थी। घर की माली हालत ठीक नही होने के कारण रुकमिणा अपने पति व बच्चों के साथ पिछले कई वर्षों से अपने मैके कल्याणपुर में ही रहकर खेती–बाड़ी कर गुजर बसर करती थी। रविवार की शाम धान का बोझा बांधने को लेकर रस्सी बनाने के लिए पुआल भिगोने को लेकर गॉव के तालाब की तरफ गयी थी लेकिन देर शाम तक घर वापस नही आई तो परिजनों ने तालाब की तरफ खोजबीन शुरू कर दी। पानी में पड़े पुआल को देख लोगों ने तालाब में खोजकर उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गयी थी। महिला अपने पिछे भरा पुरा परिवार छोड़ गयी। महिला को दो बेटे सत्यम कुमार जो कक्षा तीन का छात्र है व छोटा बेटा शिवम कक्षा एक का छात्र है। मॉ की मौत के के बाद दोनों बच्चों के देख–भाल व परवरिश की सभी बोझ पिता के कन्धों पर आ गयी है। ऐसे में मां के ममता की साया बच्चों के सर से उठ गयी। दोनो बच्चों व परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अन्तिम दाह संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। शव पहुंचते ही घर परिवार में चीत्कार मच गया। रात होने के कारण सोमवार को परिजनो द्वारा शव को अंतिम दाह संस्कार के लिए ले जाया गया।

# मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बाबागंज। उज्जैनी कला शशि भूषण शरण सिंह महाविद्यालय भूषण नगर उज्जैनी कला में पूर्व सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष में अनवरत कई वर्षो से लगातार आज 24जी मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रशासक/केंद्र संयोजक हरिवंश सिंह ने व महाविद्यालय के प्राचार्य/केंद्र सहसंयोजक डॉक्टर आभा सक्सैना ने बताया कि मंडलीय प्रतिभा खोज परीक्षा गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बस्ती, बाराबंकी, गोरखपुर आदि कई जनपदों में आज यह परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। शशि भूषण शरण सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर ब्लॉक रेहरा, मुजेहना, इटिया थोक से लगभग 67 विद्यालय से संपर्क कर सभी छात्र एवं छात्राओं से इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, इसमें तहसील स्तर पर मेरिट के आधार पर सफल हुए छात्र–छात्राओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में छात्र को मोटरसाइकिल छात्राओं को स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार 21000, तृतीय पुरस्कार 16000 रुपए तथा प्रत्येक समूह से पांच–पांच संतावना पुरस्कार 1100 दिया जाएगा नियंता/परीक्षा प्रभारी डॉक्टर रूपेश श्रीवास्तव एवं सहपरीक्षा प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि सभी 67 विद्यालयों से मिलाकर 780 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म सम्मिलित किया जिसमें जूनियर समूह में 59, मिडिल समूह में 24, सीनियर समूह में 07, सभी समूह में मिलाकर 782 में से कुल 90 छात्र अनुपस्थित रहे 692 छात्राओं ने परीक्षा दी ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा में भविष्य के युवाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी मस्तिष्क/शैक्षिक योग्यता की क्षमता को परखने का प्रयास किया इसमें महाविद्यालय के शिक्षक भीमपाल सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, राम भजन यादव, हरिशंकर वर्मा, अंकित सिंह, अनिल कुमार गोस्वामी, श्रीमती नीलम मिश्रा, श्रीमती अनीता यादव, आकांक्षा शुक्ला, जगदेव शर्मा, अनिल सिंह ने परीक्षा संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

# बाल विवाह व बाल श्रम को लेकर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन द्वारा बाल विवाह एवं बाल श्रम आदर्श इंटर कॉलेज महुआबाग में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाह एवं बाल श्रम पर रोकथाम हेतु जानकारी देना एवं डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने, ऑनलाइन जोखिमों की पहचान करने तथा तकनीक के सदुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाना था।



कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नेहा राय ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है जिसका अर्थ 18 साल से कम उम्र की लड़की या 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह भारत में यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है जिसके कई नकारात्मक परिणाम होते है। जैसे शिक्षा में बाधा स्वास्थ्य जोखिम और घरेलू हिंसा का खतरा इस प्रथा को रोकने के लिए सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 जैसे कानून बनाए हैं जिसके तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसमें 2 साल तक की कैद और एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है। वर्तमान समय में तकनीक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है, ऐसे में बच्चों को साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांतों की जानकारी होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने महिला एवं बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड, साइबर बुलिंग और धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। जेंडर स्पेशलिस्ट लक्ष्मी मौर्य ने बताया कि तकनीक का सही उपयोग ही बच्चों को सशक्त बनाता है। उन्होंने बालिकाओं को विशेष रूप से ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया पर सावधानियां और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को संरक्षित रखने के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। एवं जोखिमों के प्रति जागरूक रहना समय की मांग है। उन्होंने बच्चों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अभिभावक, शिक्षक या संबंधित अधिकारियों को देने की सलाह दी। कार्यक्रम में मयंक यादव अ0अकाउंटेंट द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान आदर्श इंटर कॉलेज अध्यापक एवं अध्यापिकाएं अजीत कुमार एमटीएस एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# छात्राओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के नये मंत्र

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में



थाना इकदिल पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने ज्ञान चंद्र इंटर कॉलेज, कस्बा इकदिल में पहुँचकर बालिकाओं, छात्र–छात्राओं और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान टीम ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया स्कैम, डीपफेक वीडियो, ओटीपी/क्यूआर कोड के जरिए होने वाली ठगी सहित अन्य बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के आसान और उपयोगी तरीके बताए। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें तथा अपने निजी डाटा व पासवर्ड को बिल्कुल भी साझा न करें। टीम ने बताया कि यदि कोई साइबर अपराध हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते हैं अथवा शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिससे समय रहते पीड़ित को राहत मिल सके। मिशन शक्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित एवं जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पुलिस टीम से सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी पूछे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में थाना इकदिल की मिशन शक्ति टीम का विशेष योगदान रहा।

# भारत ब्याह कर आई नेपाल की बेटियों का नहीं बन रहा एसआईआर

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच, रुपईडीहा। नेपाल सीमा से सटे जनपद के ब्लॉक नवाबगंज, मिहींपुरवा, बलहा, रिसिया, नानपारा बहराइच इत्यादि सीमावर्ती भारतीय गांव बाबागंज, पचपकरी, रंजीतबोझा, माधवपुर निदौना, शिवपुर मोहरनिया, निबिया, मनवरिया, सीतापुरवा, केवलपुर, रानीपुरवा, लछमनपुर गुलालडीह, निधिनगर संकल्पा, सहजना, जैतापुर व गंगापुर सहित पचासों गांवो में नेपाल से ब्याह कर आई बहुएं हैं। 2003 कि मतदाता सूची में इनका नाम भी नही है। ऐसे में बीएलओ भी इसका कोई उत्तर नही दे पा रहे हैं। नेपाल का जन्म प्रमाणपत्र माना नही जाएगा। भारत के बाहर जन्मी लड़की को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से प्रमाणपत्र लेना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने पांचवे कालम पर नागरिकता प्रमाण को परिभाषित ही नही किया। नागरिकता प्रमाणपत्र होता क्या है यह भी स्पष्ट नही किया गया। मतदाता बनने के लिए जन्मस्थान का प्रमाण अंकित करना आवश्यक है। भारतीय सीमा से सटे नेपाली मधेश क्षेत्र में भारतीय मूल के लोगों का ही निवास है। इस नेपाली मधेश क्षेत्र में ब्राम्हण, क्षेत्री, वैश्य व अनुसूचित जातियों के परिवार पचासों वर्षों से आबाद हैं। नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्रो में भी यही बिरादरी आबाद है। ऐसे में भारतीय गांव की बेटी नेपाली गांवो में बहु है व नेपाली क्षेत्र की बेटियां भारतीय गांवो व शहरों की बहुएं हैं। ऐसे में नेपाल की बेटी जो भारत में बहु है उसका जन्मस्थान का प्रमाणपत्र प्राप्त करना टेढ़ी खीर है। इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं अपने ऑपरेटर का नम्बर भेज रही हूं। उनसे बात कर लें। यह कहकर उन्होंने अपना पल्ला झाड़ लिया। शुक्रवार को 4 बजे बात की गई थी। जो शनिवार की शाम 5 बजे तक नम्बर नही दिया। जब मुख्य निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी बहराइच को फोन किया गया तब उनके स्टेनो ने कहा कि साहब मीटिंग में है। बाद में बात करवा दूंगा। एडीएम बहराइच का फोन ही नही मिला। अब इस जनसमस्या का समाधान आमजनों को नही मिल पा रहा है।

# ट्रक ने क्रेटा को मारी टक्कर, परिवार बाल-बाल बचा

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर मोड़ के निकट एनएच–2 पर टाटा मोटर्स के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पीछे से तेज रतार में आ रहे एक ट्रक ने क्रेटा कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार डिवाइडर पर खड़ी हुई स्थिति में फंसी मिली। ट्रक की टक्कर से नई क्रेटा कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि बड़ी राहत की बात यह रही कि कार सवार परिवार इस खतरनाक दुर्घटना में बाल–बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। हादसा होते ही एनएच–2 पर यातायात धीमा हो गया और सड़क पर लंबी कतारें लग गईं। मौके पर बड़ी संख्या में राहगीरों व स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानिकपुर मोड़ पर सर्विस रोड नहीं होने और हाईवे किनारे ट्रकों के खड़े रहने के कारण इस स्थान पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हाइवे पर खड़े भारी वाहनों के कारण तेज रतार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे बड़े हादसे लगातार सामने आ रहे हैं।

# बिना नंबर प्लेट डंपरों पर कार्रवाई, 31 चालान, 1.80 लाख शमन शुल्क

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कड़े निर्देश



तथा अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने बड़े पैमाने पर डंपरों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्रा अधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने किया। इस विशेष कार्रवाई का केंद्र बिंदु बिना नंबर प्लेट, नंबर मिटे हुए, ओवरलोड, तेज रतार तथा अनियमित तरीके से संचालित डंपर रहे, जो बीते दिनों सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम का प्रमुख कारण बने थे। सख्त जांच के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने अपनी टीम के साथ कुल 31 डंपरों के चालान किए और 1,80,000 का शमन वसूल किया। यह अभियान लगातार कई घंटों तक चला, जिसमें एक–एक वाहन की बारीकी से जांच की गई। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बताया कि भारी वाहन चालक जानबूझकर नंबर प्लेट न लगाकर या उसे धूल–मिट्टी से ढककर चलाते हैं, जिससे पहचान मुश्किल हो जाती है और दुर्घटना होने पर ट्रेस करना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, इसलिए इस तरह की कार्रवाई आवश्यक है। अभियान में मौके पर कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार तथा होमगार्ड आक्रोश कुमार सक्रिय रूप से तैनात रहे। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और किसी भी वाहन चालक को नियमों के उल्लंघन पर किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। इस सख्त कार्रवाई से डंपर संचालकों में हड़कंप मच गया है तथा जिला प्रशासन ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# डीवीए के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

इटावा। डीवीए ने सदर तहसील लेखपाल, कानूनगो सहित तमाम जिम्मेदार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए के पदाधिकारियों के अनुसार इस भ्रष्टाचार कास्तकारों को शासन की मंशा के अनुरूप फलस्वरूप कास्तकार, वादकारी व समस्त हैं। इसी कड़ी में तहसील सदर में 20 भी बहुत ही गंभीर चिन्ता का विषय है। उपनिबंधक कार्यालयों का भी है। इसी इमरजेन्सी विभाग व एक्सरे विभाग में शिकायत की गई है। ज्ञापन के माध्यम गए दोनों मामले बहुत ही संवेदनशील



सहित अन्य तहसीलों में कार्यरत लोगों के भ्रष्टाचार और अनियमितताओं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डीवीए से कोर्ट आने वाले वादकारियों, समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। अधिवक्तागण बहुत ही परेशान व पीडित नवंबर को घटित हुई शर्मनाक घटना यही हाल जनपद के समस्त कडी में डीवीए द्वारा जिला अस्पताल व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता की से जिलाधिकारी के संज्ञान में लाए और आम जनता से जुड़े हुए हैं, जिससे आम जनमानस का जीवन प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने इन सभी समस्याओं का संज्ञान लेकर कार्यवाही का आश्वासन डीवीए को दिया है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट राजेश त्रिपाठी अध्यक्ष, एडवोकेट नितिन तिवारी महामंत्री, एडवोकेट प्रभाकर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सहित जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ लगभग आधा सैकड़ा की संख्या में अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने नानपारा देहाती पंचायत भवन में किया हाथ साफ

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा देहाती का पंचायत भवन क्षेत्राधिकारी कार्यालय से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। 23 तारीख की रात में चोरों ने लैपटाप कम्प्यूटर,फोटो स्टेट मशीन, इन्वर्टर, बैटरा तथा सरकारी दस्तावेज व पंचायत भवन के परिसर में सीसीटीवी कैमरे का मानीटर भी उखाड़ कर ले गए। इस संबंध में नानपारा देहाती के प्रधान पीर गुलाम ने बताया कि सुबह जब सफाई कर्मचारी विनोद झाड़ू लगाने के लिए आया तो कमरों का ताला टूटा हुआ था तब उसने मुझे सूचित किया। इस संबंध में प्रधान पीर गुलाम व ग्राम पंचायत अधिकारी रविन्द्र यादव ने कोतवाली नानपारा में तहरीर दी है। वही कोतवाल नानपारा राजनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है जल्द ही चोर गिरत में होंगे।

# छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु संशोधित समय सारणी जारी

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वंचित समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु संशोधित समय सारणी निर्गत की गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा मास्टर डाटा लाक करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर से 26 नवंबर तक, छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 28 नवंबर तक, हार्ड कॉपी छात्र–छात्राओं द्वारा शिक्षण संस्था में जमा करने की तिथि 29 नवंबर तक, शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 03 दिसंबर तक, त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने की तिथि 11 दिसंबर से 18 दिसंबर तक तथा छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की तिथि 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।

# नशा के विरुद्ध चलाया जनजागरूकता व रेस्क्यू अभियान

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

मऊ। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज–5 के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान का आयोजन जनपद विकास खंड कोपागंज नगर पंचायत अदरी में किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जन जागरूकता फैलाना तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्यवाही करना है। इसी क्रम में बाल विवाह एवं बालश्रम के विरुद्ध जन जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन से डिस्ट्रिक मिशन कोआर्डिनेटर अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट तृप्ति राय, शाहबाज अली द्वारा आमजन को बाल विवाह एवं बालश्रम के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

# 1250 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरतार

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फ़िरोज़ाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग, तलाश वांछित/वारण्टी अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त सत्यशील पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम रजौरा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद को नाजायज गाँजा करीब 1250 ग्राम सहित फतेहपुर कर्खा जाने वाले रास्ते पर ईट भट्टे के सामने थाना क्षेत्र नसीरपुर से गिरतार किया गया।

# बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक ने कैंसर ग्रसित बच्चे को दिया सहारा

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बांदा। राम.ष्णा पुत्र प्रमोद कुमार सिंह पता सीएमओ आवास के सामने, साईं धाम के बगल में, दानदन हाउस के सामने, बिजली खेड़ा बांदा, उनका बेटा के कैंसर इलाज में आ रही विकट आर्थिक बाधा के संबंध में बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह से निवेदन किया, तो उन्होंने एक पल की भी देरी नहीं की। एक पिता की व्यथा को समझते हुए, उन्होंने तुरंत एक लाख रुपये की राशि दान कर दी। यह राशि सीधे उस बेटा के इलाज के लिए है जो इस गंभीर बीमारी से जूझ रही है। प्रवीण सिंह के इस मानवीय और त्वरित कदम के लिए पूरा बुंदेलखंड और वह परिवार हृदय से आपका आभारी है। आपने सही मायने में साबित किया है कि आप समाज के लिए एक प्रेरणा हैं और संकट के समय एक मज़बूत स्तंभ हैं। यह स्कैनर लड़के के पिता जी का है आप सभी से अनुरोध है कि जो भी मदद करना चाहता हो वह कर सकते हैं .पया अपना सहयोग देकर उसकी जान बचाने में हमारी मदद करें। बुंदेलखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण सिंह का है यह कहना जनपद नहीं पूरे बुंदेलखंड के फेमस राजनीतिक एवं गरीबों के दिलों में बसने वाले बुंदेलखंड फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह ने कहा है कि वह भी पीता है और दर्द और उसकी स्थिति को भली भांति समझते हैं, उन्होंने कहा कि बच्चों के इलाज के लिए पैसा देकर मैंने कोई एहसान नहीं किया है बल्कि मानवता के नाते जरूर मद की मदद की है हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पीड़ित बच्चा को जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ प्रदान हो हम हरसंभव मदद के लिए आगे आएंगे।

# मामूली कीचड़ ने ली खूनी जंग की शक्ल

## - हिस्ट्रीशीटर ने की फायरिंग, बच्चे को बचा रही महिला के पैर में लगी गोली

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक मामूली सी बात ने खूनी विवाद का रूप ले लिया। खेदरापुर गांव में बाइक से कीचड़ उछलने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और फिर फायरिंग तक पहुंच गई, जिसमें एक निर्दोष महिला गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। पुरानी रंजिश और कीचड़ बना विवाद की वजह जानकारी के अनुसार, खेदरापुर गांव में रहने वाले पीएन सिंह और गांव के हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह के बीच पहले से ही पुरानी रंजिश चली आ रही थी। रविवार शाम पीएन सिंह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में सड़क पर जमा पानी से उछला कीचड़ पास खड़े प्रदीप सिंह पर गिर गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। बच्चे को बचाने आई महिला को लगी गोली विवाद बढ़ता देख पास में रहने वाली मंजरी पांडेय (जो कथित तौर पर इन दोनों के बीच हो रही कहासुनी को देखकर छत से उतरी थीं) अपने बाहर खेल रहे बच्चे को लेने के लिए दौड़ीं। इसी दौरान दोनों पक्षों में बात बढ़ी और कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह गुस्से में अपने घर से अवैध तमंचा लेकर आया और पीएन सिंह को निशाना बनाकर फायर कर दिया। दुर्भाग्यवश, तमंचे से निकली वह गोली बीच बचाव में आई मंजरी पांडेय के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ीं। गोली लगने की इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह मौके से फरार हो गया। आनन–फानन में घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। इस गंभीर घटना के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल तेज हो गई है। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी



ने घायल महिला के बयान दर्ज किए हैं और बताया कि पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर प्रदीप सिंह की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन केपी सिंह मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी मे कॉलेज के मैदान में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर रोहित सिंह सहसंयोजक लोक भारती द्वारा फीता काटकर किया गया उन्होंने बताया खेलकूद से शारीरिक व्यायाम और मस्तिष्क का विकास होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया विद्यालय स्तर पर सभी प्रकार के खेलों का आयोजन अवश्य होना चाहिए क्योंकि प्रतिभाएं गांव से ही निकाल कर स्टेट लेवल व नेशनल स्तर पर पहुंचती हैं अगर हम अपने छात्रों को सही दिशा निर्देश हुआ कुशल मार्गदर्शन करेंगे तो निश्चित ही हमारे विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं एशियाड से लेकर ओलंपिक तक पहुंच सकते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से डायरेक्टर अनूप कुमार सरवैय्या तथा ऐश्वर्य प्रताप सिंह प्रधानाध्यापक व शिवपूजन सिंह डॉक्टर रिजवान जाफर वैशाली मंगलानी समेत छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में 100 मीटर रेस क्रॉस एंट्री रेस ऑक्टोपस रेस कबड्डी खो खो वॉलीबॉल बैडमिंटन आदि खेलों का आयोजन होना है।

# पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई से भड़के व्यापारी व गृहस्वामी, डीएम से मिले

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

सीतापुर, सोमवार। शहर में लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए लगाए गए लाल निशानों ने आज बड़ा विवाद खड़ा कर दिया, जिसने व्यापारियों और गृहस्वामियों को सड़कों पर एकजुट होने के लिए मजबूर कर दिया। लालबाग चौराहे से काशीराम कॉलोनी तक सड़क के दोनों ओर लगाए गए इन निशानों पर नागरिकों ने गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे मनमाना और अपारदर्शी बताया। डीएम से मिले आक्रोशित नागरिक कथित गलत चिह्नांकन से नाराज़, सैकड़ों की संख्या में व्यापारी और गृहस्वामी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी राजा गणपति से मुलाकात कर समस्या के समाधान से निजात दिलाने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि विभाग ने पुराने कब्जों को नज़रंदाज़ कर केवल कुछ चुनिंदा भवनों और दुकानों को ही निशाना बनाया है। आक्रोश उस समय और बढ़ गया जब डीएम से वार्ता के बाद यह तथ्य सामने आया कि जिलाधिकारी को ही इन निशानों की कोई जानकारी नहीं थी। व्यापारियों ने बताया कि वे विकास कार्यों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनकी मांग है कि कार्रवाई पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। उनका स्पष्ट आरोप था कि बिना किसी सही पैमाइश और विधिक प्रक्रिया के मनमाने तरीके से घरों व दुकानों को चिह्नित कर दिया गया है। डीएम ने दिया न्याय का आश्वासन लोगों के भारी दबाव और आक्रोश को देखते हुए जिलाधिकारी राजा गणपति ने तत्काल हस्तक्षेप किया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होगा। डीएम ने साफ किया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी तरह से नियमानुसार, सही पैमाइश और दस्तावेज़ों की गहन जांच के बाद ही की जाएगी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को दो दिन बाद फिर से मिलने के लिए कहा है, जब प्रशासन इस पूरे मामले पर अंतिम और पारदर्शी निर्णय प्रस्तुत करेगा। तीन मिनट तक चली इस लंबी वार्ता के बाद नागरिकों को न्याय की उम्मीद जगी है।

# बुजुर्ग दम्पत्ति को मारपीट कर घायल करने वाले दो अभियुक्तगिरतार

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रात्रि को थाना बबेरू पुलिस द्वारा दो नामजद अभियुक्तों को गिरतार किया गया है जिनके द्वारा एक बुजुर्ग दम्पत्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व कस्वा बबेरू क्षेत्र में दो व्यक्तियों द्वारा एक बुजुर्ग दम्पत्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके संबंध में बुजुर्ग दंपति के पुत्र द्वारा थाना बबेरू पर प्रारंभिक अभियोग पंजी.त कराया गया था। विवेचना के क्रम में पीड़ित बुजुर्ग दम्पत्ति की चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकल रिपोर्ट) में दर्शित चोटों की प्र.ति, घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों तथा प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयानों के आधार पर अभियोग में विधिक रूप से आवश्यक गंभीर धाराओं की वृद्धि की गई थी। इसी क्रम में मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना बबेरू पुलिस द्वारा शिवाजी चौक अतर्रा रोड मोहल्ला अम्बेडकर नगर कस्बा बबेरू से दोनों अभियुक्तों को गिरतार कर लिया है। अभियुक्तों की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त लकडी का डण्डा व लोहे की रोड बरामद हुयी है। पकड़े गए अभियुक्त संजय पुत्र अशोक निवासी भभुवा थाना मरका व अभिलाष पुत्र कमल निवासी अरथरा थाना बबेरू के विरुद्ध मु0अ0सं0 441/25 धारा 117(2)/352/351(3)/333/109 बी0एन0एस0 थाना बबेरू में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवरतन गुप्ता चौकी प्रभारी कस्वा बबेरु कां0 धर्मेन्द्र सिंह कां0 अरविन्द कुमार कां0 अमित कुमार शामिल रहे।

# मिशन शक्तिटीम ने रेलवे स्टेशन में चलाया जागरूकता अभियान

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना, सहायता सेवाओं आदि के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम व थाना जीआरपी की मिशन शक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन में महिलाओं बालिकाओं तथा मौजूद यात्रियों को जागरुक किया गया। इस दौरान महिलाओं बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं। ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं। यूपीआई स्कैम जिसमें यूपीआई पेमेंट लिंक या क्यूआर कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा ली जाती है। सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाए जाते हैं। फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है। फिशिंग ईमेल्स जिसमें आकर्षक ऑफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी जुटाई जाती है आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें। साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल या साइबर हेल्पलाइन नम्बर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।?

# नशेड़ी चालक ने होटल में घुसाई डीजे गाड़ी



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव छतौना मरियानी में नशे में धुत डीजे ड्राइवर ने होटल में घुसेड़ा डीजे। सोमवार को सांय 3 बजे क्षेत्र के छतौना मरियानी बाजार स्थित राजे होटल व चौहान ट्रेडर्स में एक डीजे चालक डीजे लेकर घुस गया। घटना के समय होटल पर कई लोग बैठे थे लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्ष दर्शकों ने बताया कि बाबूगंज से आ रहा एक तेज रतार डीजे वाहन पहले सड़क किनारे खड़ी चाट बतासा की ठेलिया को टक्कर मारा, उसके बाद राजे होटल व चौहान ट्रेडर्स में जा घुसा। बताते है होटल में रखे खाने पीने के समान व वर्तन, टीन शेड आदि सब खराब हो गये हैं। इसी तरह चौहान ट्रेडर्स में रखी पचासों सीमेंट की चादरें टूट गई। उधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीजे वाहन को थाने पर ले गई है।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बांदा। कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। भेजे गए ज्ञापन में कहा कि जैसा कि विदित है कि देश में राज्य पर राज्य इलेक्शन कमीशन द्वारा एसएआर चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शहर बुंदेलखंड एवं बांदा फिर प्रक्रिया तेजी से चल रही है बूथ लेवल पर बूथ लेवल अधिकारी कार्य कर रहे हैं। रात दिन एक कर पसीना बहाया जा रहा है। हमारे देश लोकतांत्रिक का देश है कोई भी नागरिक वोट के अधिकार से वंचित न रहे। दलित आदिवासी गरीब पिछड़े अति पिछड़े अल्पसंख्यक अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्ग के लोग वोट राइट प्राप्त कर सके कोई वंचित न रहे। इसे देखने की आवश्यकता है हमारे सम्मानित नेता राहुल गांधी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, मनोज यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद वह प्रदेश अध्यक्ष आपसे फिर के संबंध में मांगे रख रहे हैं। आपको देखना है नंबर 1 वर्तमान में फिर के जो फार्म भरवा जा रहे हैं उसके लिए समय निर्धारित है इस समय को और बढ़ाया जाए क्योंकि इतनी जल्दी नियत निर्धारित समय में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकती सब परेशान है असंभव कर है नंबर 2 जल्दबाजी में पूरी की गई एसएआर प्रक्रिया में तमाम नागरिक वंचित रह जाएंगे यदि ऐसा हुआ तो लोकतंत्र के लिए मजाक होगा और सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने या माना जाएगा इसलिए पूरी प्रक्रिया पारदर्शिक होनी चाहिए। जिसे आपको देखना है नंबर 3 इस प्रक्रिया के तहत 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके नागरिक चाहे वह जिस वर्ग जाति वर्ग या धर्म के हूं सभी को फिर फॉर्म भरकर वोट डाले जाने का अधिकार दिया जाए। कोई भी नागरिक वंचित न रहे नंबर 4 बुंदेलखंड में अपेक्षातों की संख्या बहुत अधिक है वह अपना फॉर्म नहीं भर सकते हैं इसलिए बीएलओ को निर्देश किया जाए की ब्लू उनका ऐसे लोगों का फॉर्म स्वयं भरे अप प्राप्त मांगों को शिव न्याय हित में विचार कर निर्देश दिए जाएं। अफसाना शाह अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डॉ केपी सेन ओबीसी लक्ष्मी नारायण राजपूत जिलाध्यक्ष ओबीसी अशोक वर्धनकर्ण, पवन देवी, कोरी पीसीसी शंकर प्रसाद धुरिया .ष्ण गोपाल धुरिया छेदीलाल धुरिया आदित्य सिंह यूथ जिलाध्यक्ष इस्लाम शब्बीर सौदागर अली बख्श सुखदेव गांधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसआईआर मुद्दे को लेकर सख्त हुए घोसी सांसद

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

मऊ। घोसी सांसद राजीव राय एसआईआर मुद्दे को लेकर काफी संवेदनशील और सख्त हैं। इसी क्रम में घोसी सांसद राजीव राय एसआईआर के कार्य में मिल रही खामियों की शिकायत करने जिलाधिकारी के पास साक्ष्यों के साथ पहुंचे। जिलाधिकारी से मिलने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए घोसी सांसद ने कहा कि बिहार में जो नंगा नाच चुनाव आयोग की देखरेख और उसकी संरक्षण में हुआ, उसे उत्तर प्रदेश में नहीं होने देंगे। यह उत्तर प्रदेश है समाजवादियों का गढ़ है, और यह क्रांतिकारी धरती मऊ है, हम तो यहां नहीं होने देंगे। डीएम से मैंने पहले भी बात किया था। आज समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जी तथा पार्टी के अन्य कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर सबूतों को जिलाधिकारी को सौंपा। उनके संज्ञान में लाया कि अभी तक एसआईआर का कार्य सिर्फ 23 प्रतिशत ही ऑनलाइन हुआ है। कई जगहों पर अभी भी बीएलओ नहीं पहुंचे हैं, यह डीएम के सामने बातें रखी गई। अब सिर्फ 8–9 दिन का कार्य बाकी है, डीएम से मिलकर कहा गया कि एक भी मतदाता का नाम न छूटे। जिसका 2003 वाले लिस्ट में नाम न हो अगली बार वह फॉर्म 6 लेकर उनका नाम जोड़ा जाए। अगर मेरे रहते मेरे लोकसभा के एक भी मतदाता का नाम कटा तो समाजवादी लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अगर हमारे वोटर का नाम कटा तो यह लोग भी बैठकर यहां काम नहीं कर पाएंगे। तमाम भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं, जिसको जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया गया, कई अधिकारियों का व्यवहार ठीक नहीं है उसको भी संज्ञान में लाया गया। तमाम शिकायतें मिली हैं कि कई गांवों में बीएलओ नहीं पहुंचे हैं, बीएलओ पहुंचे हैं तो फॉर्म नहीं पहुंचा है, फार्म पहुंचा है तो कई जगह बीएलओ का नंबर नहीं लग रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय में मॉनिटरिंग सेल बना हुआ है, मैंने जिलाधिकारी महोदय को साक्ष्य देकर बोला है कि मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से पता कराईये कि कहां–कहां बीएलओ नहीं पहुंचे हैं, और कहां सबसे कम फॉर्म जमा हुए हैं। कुल मिलाकर लोकतंत्र की रक्षा तथा मतदाताओं के मतों की रक्षा करने के लिए मैं .त प्रतिबद्ध हूं क्योंकि घोसी लोकसभा के मालिकों ने ही मुझे इतने प्रचंड बहुमत से जिताया है। इसलिए उनके साथ मैं पूरी मजबूती से खड़ा हूं एक भी वैध मतदाता का नाम नहीं कटने दूँगा।

# बीएलओ व सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी करेंगे जिला स्तरीय अधिकारी

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 04 दिसम्बर 2025 बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किये जाने तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर समय से डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की सत्त निगरानी हेतु एक जिला स्तरीय अधिकारी को 20–20 बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एस.आई.आर. की निगरानी हेतु नामित किये गये अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक सुपरवाईजर के अधीन लगभग 10 बी.एल.ओ. कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक जिला स्तरीय अधिकारियों को 02 सुपरवाईजर्स जिसके अधीन लगभग 20 बीएलओ आते हैं की निगरानी का टास्क सौंपा जा रहा है। डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अनर्ह व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। डीएम ने कहा कि एस.आई.आर. लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सु.ढ़ करने का हिस्सा है। डीएम ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा भरे हुए प्रपत्र प्राप्त भी किये जायें। उन्होंने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र का भ्रमण करें तथा नियमित रूप से सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ सम्पर्क में रहकर डे–बाई–डे की प्रगति लेते रहें। यदि कहीं पर सुपरवाइजर व बीएलओ के स्तर पर कोई समस्या आ रही है तो उसका भी समाधान करायेंगे। डीएम ने कहा कि निर्वाचन जैसे कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी अधिकारी को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को शीर्ष प्राथमिकता पर सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, आईसीडीएस विभाग व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार

## - करीब पचास लाख रुपये के आभूषण बरामद

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना दरगाह शरीफ, स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना का 02 दिवस के भीतर सफल अनावरण करते हुए अभियुक्ता को किया गया गिरतार एवं करीब 50 लाख रुपये के आभूषण किये गये बरामद। थाना दरगाह शरीफ पुलिस को 22.11.2025 को वादी मुकदमा मनोज कुमार तुलस्यान पुत्र स्व० ओमप्रकाश तुलस्यान निवासी सी–7 डीएसएल ग्रीन सिटी थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 17–19 नवम्बर 2025 के मध्य उनके रिश्तेदार द्वारा घर की अलमारी का लॉकर खोलकर उसमें रखे हुये पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों के आभूषण किमती करीब 50,00,000 रुपये चुरा लिये गये हैं जिसके संबंध में मु0अ0सं0 354/2025 धारा 123/ 305()/ 117(2) बीएनएस का अभियोग बनाम अभियुक्तगण शिवानी खेतान पत्नी दीपक खेतान, अभियुक्ता के ससुर रविन्दर खेतान उम्र करीब 70 वर्ष व अभियुक्ता का पुत्र विष्णु खेतान उम्र करीब 16 वर्ष निवासीगण मालीपुर रोड थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के विरूद्ध पंजी.त किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना दरगाह शरीफ की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण, पारिस्थितिजन्य, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद से अभियुक्ता की तलाश की जा रही थी कि 24 नवंबर को समय करीब 09.08 बजे गुल्लाबीर मंदिर के समीप अंडरपास रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्ता शिवानी खेतान को गिरतार करते हुए समस्त आभूषण सोने, चांदी व हीरे के कीमती करीब 50 लाख रुपये बरामद किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्ता शिवानी खेतान वादी मुकदमा मनोज कुमार तुलस्यान के साले की पत्नी हैं, जो 17 नवंबर को वादी मुकदमा के घर अपने ससुर रविन्दर खेतान व पुत्र विष्णु खेतान के साथ आयी थी, तथा अवसर पाकर रखे हुये आभूषणों की रैकी की और वादी मुकदमा व उसके दोनों पुत्रों के अपने मेडिकल स्टोर पर चले जाने के बाद वादी मुकदमा की पत्नी को धोखे से कुछ नशीला पदार्थ (अभियुक्ता के पास पूर्व से मौजूद डिप्रेशन की गोलियां) खिला दिया, अचेत अवस्था में होने के पश्चात रखे हुये सभी जेवरात अलमारी के लॉकर से निकालकर चोरी कर अपने घर लेकर चली गयी तथा सभी आभूषणो को कई जगह बेचने का काफी प्रयास किया परन्तु आधार कार्ड/पहचान पत्र मांगने के कारण बेचने में सफल नहीं हो पाई। गिरतारशुदा अभियुक्ता को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है।




# उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ ड्राइंग कंपटीशन

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन द्वारा चलाए जा रहे सौ दिवसीय अभियान के तहत नव भारतीय नारी विकास समिति द्वारा बवाइन गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें, बच्चों ने बाल विवाह से संबंधित एक से बढ़कर एक स्लोगन व तस्वीर बनाकर दर्शाया कि बाल विवाह गैर कानूनी और सामाजिक अपराध है। जिन्हें, संस्था कॉर्डिनेटर द्वारा ग्राम प्रधान के हाथों से प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के मुख्तार आलम ने किया। संस्था कॉर्डिनेटर डॉ जफर आलम ने बताया कि बाल विवाह हमारे समाज में एक अभिशाप है क्योंकि, यह जिंदगियों को बर्बाद कर देता है इसलिए, बच्चों के भविष्य को संभालने के लिए उनको उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाल विवाह जैसी सामाजिक .ति से बच्चों को बचाना है। अगर कहीं भी बाल विवाह होते देखें तो, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 व पुलिस हेल्पलाइन 112 पर संपर्क करें। ग्राम प्रधान विनोद कुमार शर्मा ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित होने चाहिए। हम सभी को बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई के प्रति सतर्क रहना चाहिए।

# गावों में एसआईआर फार्म भरने का कार्य जोरों पर

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा के ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर फॉर्म को लेकर काफी भीड़ लगी देखने को मिल रही है ग्राम माधी, सरैया, बंजरिया, गुरघुटटा आदि गांवों में एसआईआर फॉर्म को लेकर भीड़ काफी जागरूक दिखी ग्रामीणों में अपने वोट को लेकर समस्या का विषय बनी हुई है की कहीं हम वोटर बनने से वंचित न हो जायें। इसी क्रम में ग्राम गुरघुटटा के पंचायत भवन पर बीएलओ पद पर कार्यरत तरुण दुबे भाग संख्या 363 तथा पंकज अवस्थी भाग संख्या 362 ने बताया कि ग्रामीण काफी जागरूक हैं और बढ़–चढ़कर एस आई आर फॉर्म भर रहे हैं।




# पीड़िता ने न्याय की लगाई गुहार

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना के ग्राम बरूहा की रहने वाली ननकी देवी पत्नी बुद्धराज ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि प्रार्थनी का लड़का अनूप कक्षा 11 में जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज राधा नगर में पढता है। प्रार्थनी के बच्चे अनूप के ही विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र एक माह पहले अनूप के साथ भरत मिलाप के मेले में मारपीट किया था। परंतु प्रार्थनी व उसके पुत्र ने डर बस कोई कार्रवाई नहीं कि उसके बाद 21 नवंबर को विद्यालय की छुट्टी होने पर प्रार्थनी का बेटा अपने किराए के कमरे में जा रहा था रास्ते में खंभापुर के पास मोटरसाइकिल एजेंसी के पास उन लोगों ने रोका तथा उसकी पिटाई किया और मारपीट का वीडियो बनाने लगे पीड़िता के पुत्र के चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता ने दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजी.त कर कार्रवाई करने की मांग किया।

# शादी के लौट रहे बाइक सवार युवक की हत्या

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शादी से घर वापस लौट रहे बाइक सवार को सोमवार की भोर कुछ लोगो ने पीट–पीटकर हत्या कर दी। वहीं साला जान बचाकर भाग जाने में सफल रहा। उधर मृतक के भाई ने साले पर ही हत्या या हत्या करवाने का शक जाहिर किया है। पुलिस ने पोस्ट मार्टम हाउस में साले को हिरासत में लेकर थाने ले आये। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के बहेरीहार गांव निवासी छोटा लोधी का पुत्र धर्मेन्द्र कुमार लोधी रविवार की शाम अपना साले मनोज निवासी केवट मई थाना खखरेरू के साथ मामा सुन्दर के यहां शादी समारोह में खखरेरू थाने के नन्दापुर गांव गया था। बताते है कि सोमवार की भोर धर्मेन्द्र अपने साले मनेज के साथ घर वापस आ रहा था। जब यह लोग बसई मोड़ के पास पहुंचे तभी कुछ लोगो ने बाइक रोंककर धर्मेन्द्र पर ताबडतोड हमलाबोल कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं साला मनोज अपनी जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल बारीकि से निरीक्षण करने के बाद शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया। वहीं पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का बडा भाई मुरारी लाल ने बताया कि रविवार की शाम उसका साला मनोज आया था। जिसके साथ भाई नन्दापुर शादी समारोह में गया था। भाई ने मृतक के साले पर शक जाहिर करते हुये या तो उसने हत्या की है। या फिर साजिशन हत्या करायी है। क्योकि गांव से दो किलोमीटर दूर बसई मोड़ के पास भाई का हत्यायुक्त शव मिला। वहीं पुलिस ने पोस्ट मार्टम आये मृतक के साले मनोज को पूंछतांछ के लिए हिरासत में लेकर थाने ले गयी।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम जिन्दपुर ईट भट्ठा के समीप 10 दिन पूर्व बाइक सवार दो लोगो को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया था। जिसमें 45 वर्षीय युवक की कानपुर में इलाज के दौरान रविवार की शाम मौत हो गयी। बताते चले कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामबहादुर का पुत्र रामबरन अपने भाई भानू प्रताप के साथ विगत 14 नवम्बर को रिश्तेदारी में गया था। वापस लौटते समय जब यह लोग ललौली थाने के जिन्दपुर टूलप्लाजा ईट भट्ठा के पास पहुंचे तभी तेज रतार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनो भाई घायल हो गये थे। गंभीर रूप से घायल रामबरन को कानपुर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कर इलाज कर रहे थे। रविवार देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजन शव लेकर गांव आ गये और पुलिस को सूचना दे दी। जिस पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सड़क हादसे में अधेड की मौत

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा के समीप एनएच 2 में सड़क पार कर रहे 56 वर्षीय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सौंरा गांव निवासी स्व0 सुखराम रैदास का पुत्र श्रीराम रैदास का रविवार की शाम लगभग 6 बजे सड़क पार कर रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिसे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# छत से गिरकर महिला की मौत, परिवार में कोहराम

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर माजरा कलाना में बुधवार देर रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चिरंजीव सिंह की पत्नी प्रियंका देवी (28) देर रात लगभग 1 बजे लघु शंका हेतु घर की छत पर गई थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर पड़ीं। गिरने से गंभीर चोटें आने पर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के पिता वंश बहादुर, निवासी ग्राम चिरईपुर थाना लालगंज (रायबरेली) अपने परिजनों के साथ पहुंच गए। मौके पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। मृतका के पिता और ससुराल पक्ष के लोगों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका अपने पीछे दो मासूम बेटियों भारती (6 वर्ष) और हिमांशी (4 वर्ष) को छोड़ गई है। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। दो अलग–अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बकेवर कस्बे के समीप जहानाबाद मार्ग में रविवार व सोमवार की मध्य रात को खड़े डीसीएम में अनियंत्रित हुआ बाइक सवार श्याम बाबू पाल उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र श्री राम किशोर पाल निवासी ग्राम करणपुर गोपालपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर पीछे से जा टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल श्यामबाबू पाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस मामले में परिजनों ने बताया कि श्याम बाबू पाल किसी काम से बकेवर कस्बा गया था और वहां से बाइक द्वारा वापस अपने गांव करनपुर गोपालपुर लौट रहा था तभी रास्ते में खड़े डीसीएम गाड़ी में टकराकर घायल हो गया। उधर कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत खिदिरपुर तथा भवानीपुर गांव के बीच एक पेट्रोल पंप के निकट ट्रक ने रात में पैदल जा रहे जीवनलाल उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय दाता दीन निवासी ग्राम बसंती खेड़ा कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर गंभीर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि जीवनलाल अपनी पत्नी के साथ रविवार व सोमवार की मध्य रात को पड़ोसी गांव खिदिरपुर से निमंत्रण कर पैदल वापस अपने गांव बसंती खेड़ा जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रक ने जीवन लाल टक्कर मार दिया। जबकि उनकी पत्नी बाल बाल बच गई।

# दो किसानों के घर से ताला तोड़कर 14 लाख के सोने चांदी के आभूषण चोरी

## - दो दिन पहले दो घरों में और हुई थी चोरी, ग्रामीणों में दहशत

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औग कस्बा क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि दो किसानो के घर से 14 लाख रुपये के सोने–चांदी के आभूषण चोरी हो गए। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दो दिन पहले ही थाना क्षेत्र के सगुनापुर गांव में दो घरों में और चोरी हुई थी।पुलिस अभी उस चोरी की घटना में चोरों की तलाश कर रही थी कि थाना क्षेत्र से महज 200 मीटर की दूरी पर ही दो घरों में और चोरी की घटना ने पुलिस को चुनौती दिया है। अब थाना पुलिस गहनता से मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना औग कस्बे में स्थित दीपक के घर की है। जहां चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा। इसके बाद,लकड़ी के दरवाजे के पास रखी चाबी का उपयोग



कर अंदर प्रवेश किया और तीन बक्सों से कीमती सोने–चांदी के आभूषण चुरा लिए। चोरी के समय गृहस्वामी सुमन अपने पुत्र दीपक पटेल के साथ 100 मीटर दूर दूसरे घर में सो रहे थे,जबकि उनका दूसरा पुत्र विवेक फैक्ट्री में ड्यूटी पर था। सोमवार सुबह जब परिजन दूसरे घर से अपने मुख्य घर पहुंचे, तो उन्हें मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर देखने पर सामान बिखरा हुआ था और दरवाजे खुले थे,जिससे चोरी का पता चला। परिजनों ने तत्काल पीआरबी पुलिस को 112 डायल कर सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। गृहस्वामी के पुत्र दीपक पटेल ने बताया कि करीब दस लाख रुपये के आभूषण चोरी हुए हैं। चोरी के दौरान चोरों ने पड़ेसियों के घर के दरवाजे की बाहर से कुंडी बंद कर दी ताकि कोई बाहर न आ सके। दूसरी घटना में चोरों ने औग कस्बे के ही आदर्श जनता इंटर कालेज जाने वाले मार्ग में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया। राजेंद्र उर्फ राजू के घर से चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी और बक्से व बेड को खंगालकर सोने चांदी के करीब चार लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। राजेंद्र अपनी मां चुनकी देवी को लेकर कानपुर अस्पताल इलाज के लिए गया था। घर में कोई न होने की वजह से सन्नाटे का लाभ चोरों ने उठाया और शातिर अंदाज में माल ले उड़े। दो दिन पहले ही औग थाना के सगुनापुर गांव में दो घरों से भी लाखों की नगदी और जेवरात चोरी हुए थें। चोरी की बढ़ती घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। औग थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। दोनों घटनाएं एक ही एंगल से हुई है। सीसीटीवी फुटेज के लिए कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

# डीएम ने ली जिला सैनिक बंधु की बैठक

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुआ। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) दिनेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अतुल कुमार उपस्थित थे। जिला सैनिक बन्धु बैठक को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर मो० निशात अफजल (अ०प्रा०) द्वारा संचालन किया गया। बैठक जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं के सम्बन्ध में 04 प्रार्थना पत्रों का अवलोकन एवं प्रार्थना पत्र के साथ शिकायत के बारे में स्वयं पूर्व सैनिकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को पत्र जारी करने का निर्देश जारी किया।जिला सैनिक बन्धु बैठक में 10 पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे।

# ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा में नेहरू युवा पंचपरमेश्वर विद्यापीठ एवं पंच परमेश्वर से एक दिवसीय ग्रामीण नेतृत्व विकास में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के राज्य स्तरीय को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि व आर्थिक व्यवस्था का संचालन कुछ भागीदारी, स्थितियों में अंतर, अधिकारों हो गई है। आवश्यकता है ग्रामीण



संगठन टीसी के आयोजन में चेरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज के सहयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर कार्यक्रम में ग्रामीण नेतृत्व विकास समन्वयक अनिल उदय ने प्रतिभागियों आज गांव में लोकतांत्रिक, सामुदायिक लोगों के हाथ में जिससे व्यवस्था में का हनन, भेदभाव, जैसी स्थिति पैदा नेतृत्व विकसित करने की। समुदाय के अगुवा सामाजिक जिम्मेदारी की निभाते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेहरू युवा संगठन टीसी के अध्यक्ष व बाल कल्याण समिति, फतेहपुर के चेयरपर्सन राजेंद्र प्रसाद साहू ने प्रतिभागियों बताया कि नेतृत्व के लिए समझदारी, ईमानदारी व सक्रियता अवश्य है। नेतृत्व क्या है, नेतृत्वकर्ता के क्या गुण होना चाहिए, नेतृत्व के कौन कौन से अवसर है, पर विस्तृत चर्चा कर प्रतिभागियों की समझ विकसित किया। साथ ही सामाजिक कुरीतियों जैसे कि बाल विवाह, बाल श्रम, सरकारी योजनों की पात्र व्यक्ति तक पहुंच आदि विषयों पर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। ग्रामीण नेतृत्व विकसित करना समय की मांग है। पांचपरमेश्वर विद्यापीठ के यह पहल ग्रामीण विकास के प्रत्येक पहलू को मजबूत करेगा। समस्त प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के आधार पर तीन ग्रुप में बांटकर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधांशु द्विवेदी, आशुतोष मोदनवाल, अनीता वर्मा, प्रवीण पाण्डेय सहित ऐरायां, धाता, विजयीपुर ब्लॉक के युवाओं ने प्रतिभाग किया।

# व्यापारियों ने विद्युत विभाग की सुस्त कार्यशैली पर उठाई आवाज



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिशाषी अभियंता विद्युत को ज्ञापन दिया गया। .ष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन तय समय सीमा में नहीं मिल रहे है, ऑनलाइन आवेदन के बाद महीनों विभागीय चक्कर लगाने पड़ते है। शहर में कई जगह विद्युतीकरण न होने से लोगों को विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहे और जरूरतमंदों को विभाग द्वारा भारी भरकम एस्टीमेट बना दिया जाता है जिससे आम लोगों को भारी समस्या हो रही है।स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं (रिचार्ज, अधिक बिल आना, नए मीटर की गलत पोस्टिंग से होने वाली समस्याएं आदि) का स्थाई निराकरण और उपभोक्ता शिकायत निवारण एकल पटल की स्थापना तत्काल उपभोक्ता हित में की जाएं। स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ताओं पर दबाव न बनाया जाए ,आवश्यक होने पर उपभोक्ता को लगे हुए मीटर को बदलने का कारण प्रदर्शित करते लिखित सूचना देते हुए शासनादेश की कॉपी उपलब्ध कराएं तथा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली एवं संरचना की पत्रिका भी दे जिससे उपभोक्ता को अपने मीटर की संपूर्ण जानकारी रहे। जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि जनता त्रस्त है,विभाग मस्त है। विभाग को अपनी कार्यशैली सुधारने की आवश्यकता है। उपरोक्त मौके पर संदीप श्रीवास्तव, आकाश सिंह भदौरिया, जय किशन, प्रशांत सिंह चौहान, सलामत अली, अनिल महाजन, संदीप पाल, शारदा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री स्वाखा वीर बाबा मेले में रही भारी भीड़

न्यूज़ वाणी ब्यूरो



विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के अमनी गांव में सोमवार को मेले में भारी भीड़ रही ग्रामीणों के अनुसार श्री स्वाखा वीर बाबा लगभग सौ साल पहले अमनी गांव ने आए हुए थे तब उनका जीवन यापन एक खर पतवार की कुटिया में होता था उसके बाद ग्रामीणों ने एक कमरे का निर्माण कराया था ग्रामीणों ने यह भी बताया कि श्री बाबा गांव की देख रेख व रात में घोड़े पर सवार होकर गांव का भ्रमण करते थे अगर कोई रास्ते में सोता हुआ मिल जाए तो उसकी कोड़े से पिटाई होती है। तथा जिस कमरे में रहते थे उसी कमरे में एक सूअर ने अपने बच्चों को जन्म दे दिया था तभी अमनी गांव से श्री बाबा चले गए। स्वाखा वीर बाबा मेले का आयोजन प्रति वर्ष मार्गशीर्ष की अमावस्या के बाद पहले व दूसरे सोमवार को मेले का आयोजन किया जाता है मेले में घरेलू उपयोग की वस्तुएं जैसे मिट्टी के बर्तन ,महिलाएं ग्रहस्थी से संबंधित समान,बच्चो के खिलौने,सिंघाड़ा, गुल्लाईया, जलेबी गुड़ की जलेबी चाट चौमीनी, बांस से बनी लाठी, लोहे से बने तवा, चिमटा, कुल्लाड़ी, फुकनी आदि घरेलू उपयोग की सामग्री प्रमुख रूप से क्रय विक्रय की जाती है। मेला में झूला का आनंद लेते बच्चे व अपने हाथों में नाम लिखवातीं महिलाए एवं पुरुष हजारों की संख्या में मेले में दर्शकों का तांता लगा रहा वहीं स्थानीय व थाना पुलिस बल मौजूद रहे। वहीं कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र ने बताया कि मेले में विगत वर्षों की अपेक्षा इस बार भीड़ ज्यादा देखने को मिली है तथा सोहन, रवि, वीरेन्द्र, शुभम गुप्ता, दिनेश, व ग्राम प्रधान सहित प्रशासन मुस्तैद रहा मेला शांति पूर्वक चला।

# वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन

न्यूज़ वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन व सभाएं कर जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह के नेतृत्व में यहां सभा का आयोजन किया गया। वहीं खागा विधानसभा में खागा विधायक .ष्णा पासवान, हुसैनगंज विधानसभा में पूर्व विधायक रणवेन्द्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह, जहानाबाद विधानसभा में विधायक राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में सामूहिक वंदे



मातरम गीत का गायन किया गया। इस दौरान बंदेमातरम गीत कार्यक्रम की जिले की संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम ने बताया कि उक्त कार्यक्रमों में पार्टी जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। जिसमें रामप्रताप सिंह गौतम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योती प्रवीण, जिला उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी, सुनीता गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, पंकज त्रिवेदी, ओम मिश्रा, कुलदीप भदोरिया, संजय गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, पुनीत सिंह, विनोद चंदेल, कमलेश सविता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मंदिर की बेशकीमती भूमि को बचाने की लोगों ने डीएम से लगाई गुहार



न्यूज़ वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। कोड़ा जहानाबाद के ग्राम लालूगंज के रहने वाले लोग कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपनी आवाज बुलंद किया। इन लोगों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया। जिसमें आरोप लगाया की गाटा संख्या 631 व 664 पर स्थित त्रिलोकी नाथ विराजमान मंदिर मलाकापुर के सर्वराकार अवैध तरीके से 100–100 रुपये के स्टांप पेपर पर करोड़ों रुपए लेकर राजस्व की चोरी करते हुए मंदिर की जमीन विक्रय कर रहे हैं और अवैध तरीके से कब्जा करवाया जा रहा है। जिससे मंदिर की बेस कीमती भूमि की क्षति हो रही है। इन लोगों ने सक्षम अधिकारी द्वारा जांच करवाकर मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा करने व कराने व विक्रय करने से रोके जाने की मांग किया। इन लोगों ने कहा की मौके पर सक्षम अधिकारी को भेज कर जांच करवाई जाए ताकि मंदिर की जमीन बचाई जा सके। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में आनंद शंकर गुप्ता, आदित्य, आलोक कुमार, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र, जितेंद्र, विशाल ओमर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हार्डवेयर की दुकान के पीछे के दरवाज़े से चोरों ने 80 हजार रुपए किए पार





न्यूज़ वाणी ब्यूरो

प्रेमनगर, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बे के मंडवा रोड में एक हार्डवेयर की दुकान से रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे के दरवाजे से अंदर जाकर काउंटर के गुल्लक का लॉक तोड़कर 80000 रुपये उठा ले गए। बताते चलें कि प्रेमनगर कस्बे के मंडवा रोड निवासी अनिल कुमार पुत्र भोला प्रसाद ने स्थानीय थाना में तहरीर देकर बताया कि रविवार शाम को हार्डवेयर का सामान आना था जिसके कारण वह 80000 लेकर दुकान पर बैठा था लेकिन सामान नहीं आने से वह दुकान के काउंटर में बने गुल्लक में पैसे रखकर चला आया था और जब सुबह लगभग 8:30 बजे दुकान खोला तब देखा कि दुकान के अंदर से पीछे का दरवाजा खुला हुआ था और काउंटर का गुल्लक टूटा हुआ देख उसके होश उड़ गए काउंटर में रखे 80000 रुपये लेकर पीछे के दरवाजे से चले गए। इसके संबंध में स्थानीय थाना में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने के लिए मांग किया है। पूरे मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना रहा की पीछे का दरवाजा टूटा भी नहीं है और आगे से शटर बंद है। जिसके कारण चोरों का अंदर प्रवेश करने का रास्ता संदेश जनक रहा तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

# जहानाबाद से अयोध्या ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए जत्था रवाना



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

जहानाबाद, फतेहपुर। अयोध्या में आयोजित होने वाले भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार को जहानाबाद कस्बे से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी रवाना हुए। कस्बे के राजकीय बस स्टैंड से निकले इस विशाल जत्थे का नेतृत्व मुकेश ओमर उर्फ लल्लू ओमर ने किया। भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित स्थानीय सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता भी पूरे उत्साह के साथ इस यात्रा में शामिल हुए। रवाना होते समय बस स्टैंड पर जयकारों की गूंज रही और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से महेश चौरसिया सभासद, जय सिंह सांगा, बबलू चौरसिया, मालती वर्मा ,शांति देवी, उमा वर्मा सहित सैकड़ों की तादाद पर लोग रवाना में जत्था रवाना हुए। अयोध्या में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष जोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी यात्रा पर निकल रहे जत्थे को शुभकामनाएं दीं।

# आबकारी टीम व पुलिस ने अवैध कच्ची शराब किया बरामद



न्यूज़ वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। पुलिस तथा आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कार्रवाई कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 50 किलोग्राम लहन बरामद किया। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कंचनपुर गांव में पुलिस तथा आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की छापेमारी के दौरान एक आरोपी सनी कुमार पुत्र स्वर्गीय चंद्र कंजर निवासी कंचनपुर कोतवाली बिना की मौके से फरार हो गया जिसके घर से एक प्लास्टिक के डिब्बे में 15 लीटर आवाज कच्ची शराब तथा 50 किलो बरामद किया गया बरामद लहान को मौके पर ही नष्ट किया गया अभियुक्त के विरुद्ध संगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई। छापेमारी की कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक वृंदावन राय उप निरीक्षक बृजेंद्र कुमार, सिपाही त्रिवेंद्र कुमार तथा सिपाही अफजल के अलावा आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही सूर्यभान, आबकारी सिपाही समरजीत यादव, आबकारी सिपाही संजय प्रकाश मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )